भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 3829
गुरूवार, 03 अप्रैल, 2025/13 चैत्र, 1947 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

पर्यटन स्थलों पर कचरे के ढेर

3829 डा. मु. तंबी दुरै:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि देश भर में लगभग सभी पर्यटन स्थलों पर कचरे के ढेर लगे हुए हैं;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने देश के पर्यटन स्थलों पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी समस्याओं के समाधान करने के लिए कोई पहल कार्यान्वित की है;

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं;

(ङ) क्या सरकार के पास राज्य सरकारों के साथ मिलकर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी प्रयासों को सुदृढ़ करने की कोई योजना है; और

(च) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (च): पर्यटन स्थलों सहित सभी स्थानों पर अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य राज्य सरकार और स्थानीय निकायों द्वारा किया जाता है। पर्यटन मंत्रालय और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय ने जागरूकता उत्पन्न करने के लिए विभिन्न पहलें की हैं।

पर्यटन मंत्रालय देश भर में फैले अपने क्षेत्रीय कार्यालयों, भारतीय पर्यटन एवं यात्रा प्रबंधन संस्थान (आईआईटीटीएम), केंद्रीय होटल प्रबंधन संस्थान, राज्य होटल प्रबंधन संस्थान और फूड क्राफ्ट संस्थान जैसे शैक्षणिक संस्थानों के माध्यम से स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता कार्य योजना के तहत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी मुद्दों और जागरूकता कार्यक्रम गतिविधियों सहित स्वच्छता अभियान भी चलाता है।

****